पत्रिका

प्रतिबंधित करने की मांग की है। समाज बंधु मौजूद थे।

## प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

# लक्ष्य के साथ मेहनत से मिलती है सफलता: विधायक



**कोटखावदा.** सर्वोच्च अंक प्राप्त साक्षी को साइकिल व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए।

**कोटखावदा.** लक्ष्य बना करके मेहनत करने से सफलता मिलती हैं, यह बात चाकसू विधायक रामावतार बैरवा ने उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर कोटखावदा में सोमवार को प्रतिभा सम्मान समारोह में कही। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए कोई शॉर्टकट नहीं होता हैं। समारोह में कोटखावदा प्रधान प्रहलाद मीना, भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रवण गुर्जर, उपप्रधान आशा चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष व रामनगर सरपंच बनवारी शर्मा, स्थानीय समिति अध्यक्ष कैलाश टोडवाल, व्यवस्थापक डॉ. सुभाष शर्मा व विद्यालय प्रधानाचार्य विनोद गुर्जर ने तहसील स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में 10वीं बोर्ड परीक्षा में छात्रा साक्षी शर्मा ने 96.33% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त करने पर साइकिल व प्रतीक चिन्ह देकर, द्वितीय स्थान तनु मीना 91.33%, रितेश सैनी 91.17%, सचिन सैनी 91%, निशा मीना 90% को 2100 रुपए का चेक और प्रतीक चिन्ह देकर तथा अन्य विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं सरकारी सेवा में चयनित विद्यालय की पूर्व छात्रा कृष्णा लटाला व सपना का साफा पहना करके व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। साथ ही विधायक व पदाधिकारियों ने विद्यालय में पौधारोपण गया।